राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

‘सड़क सुरक्षा प्रबंधन और चुनौतियों’ विषयक संगोष्ठी आयोजित

सड़क सुरक्षा के लिए सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए कार्य हो— राज्यपाल

जयपुर, 29 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सड़क सुरक्षा के लिए सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए कार्य किए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने के लिए ड्राइवर प्रशिक्षण जरूरी है। उन्होंने चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने, सुरक्षित वाहन चलाने और इस संबंध में वाहन मालिको को भी मानवीय पहलू रखते हुए चालकों के निश्चित समय पर विश्राम की व्यवस्था करें। उन्होंने वाहन चलाते मोबाइल का उपयोग नहीं करने, ड्राइवर को आपात स्थिति में समझ रखते हुए सुरक्षा निर्णय लेने आदि पर भी जोर दिया। उन्होंने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सड़क सुरक्षा प्रबंधन के लिए मिलकर कार्य किए जाने का आह्वान किया।

श्री बागडे बुधवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब में ‘सड़क सुरक्षा प्रबंधन और चुनौतियों’ विषयक संगोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सुरक्षित यात्रा के लिए गाड़ी की स्पीड लॉक रखने और गति नियंत्रित रखने के साथ सुरक्षित सड़क प्रबंधन के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने, दुर्घटनाग्रस्त की तत्काल सहायता और चिकित्सा व्यवस्था करने और इस सम्बन्ध में जागरूकता का प्रसार किए जाने का आह्वान किया है।

राज्यपाल ने आरंभ में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान मदद करने में संलग्न व्यक्तियों को ष्देवदूतष सम्मान से सम्मानित किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़ी ‘रोको और टोकों’ मुहिम से जुड़ी प्रचार सामग्री का भी लोकार्पण किया।

टीवी 24 के प्रमुख श्री जगदीश चंद्रा, सामाजिक कार्यकर्ता श्री संपत सारस्वत, सुधांशु माथुर, प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने और राज्य सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए जागरूकता प्रसार पर जोर दिया।

सड़क सुरक्षा -
प्रबंधन तथा चुनौतियाँ
29 Jan 2025
3 PM
मुख्य अतिथि
माननीय राज्यपाल महोदय
जगदीश चंद्रा जी
CEO
भारत 24 ग्रुप
सड़क सुरक्षा
29th January, 3 PM

सड़क सुरक्षा
बंधन तथा चुनौतियाँ
29th January, 3 PM

—————